# SINGHBHUM CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRY

**Chamber Bhawan, Bistupur, Jamshedpur**
**C.I.N. : U91110JH1950PLC000470**

---

## MINUTES OF THE 74th ANNUAL GENERAL MEETING
held in Chamber Bhawan on 13-09-2025 at 9.30 a.m.

अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने वार्षिक आमसभा में उपस्थित पूर्व अध्यक्षगणों श्री मुरलीधर केडिया, श्री निर्मल काबरा सहित सभी पूर्व अध्यक्षों, पदाधिकारियों मानद महासचिव श्री मानव केडिया, उपाध्यक्ष श्री अनिल मोदी, अधिवक्ता श्री राजीव अग्रवाल, श्री पुनीत कांवटिया, श्री अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव श्री भरत मकानी, श्री अंशुल रिंगसिया, श्री बिनोद शर्मा, श्री सुरेश शर्मा लिपु एवं कोषाध्यक्ष सीए. अनिल रिंगसिया तथा सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए सभा की कार्यवाही प्रारंभ करने की घोषणा की।

अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने आमसभा में उपस्थित सदस्यों के समक्ष बतौर अध्यक्षीय संबोधन प्रस्तुत करते हुये कहा कि सिंहभूम चैम्बर जैसे संस्था के अध्यक्ष के रूप में लगातार दो सत्रों में कार्यभार संभालते हुये गौरव की अनुभूति हुई। सिंहभूम चैम्बर का इतना लंबा सफल सफर इनके संस्थापक सदस्यों, पूर्व अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों की लगन और परिश्रम का परिचायक है।

लगातार दो सत्रों में चार वर्षों तक मेरे अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के दौरान जिन लोगों का साथ मिला उनका आभार प्रकट करते हैं। चैम्बर के सभी सदस्यों, कर्मचारीगण, बार एसोसिएशन, सीए सोसायटी, सीए ब्रांच प्रेस मीडिया के बंधुओं का स्वागत एवं अभिनंदन है। अध्यक्ष के रूप में इतनी बड़ी संस्था का कार्यभार संभालना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था लेकिन आप सभी की सहभागिता, सहयोग और मार्गदर्शन से मैंने पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक इसका निवर्हन किया और उद्यम एवं व्यवसाय हित के प्रति अपने दायित्व को निभाया। इस दौरान आप सभी के सहयोग से चैम्बर ने इस सत्र में इतिहास रचने का कार्य किया है।

बहुत से पुराने सदस्य जो पिछले कई वर्षों से चैम्बर नहीं आते थे वे अब चैम्बर के अधिकांश कार्यक्रमों में आने लगे और जो लोग नहीं आ पाते हैं वे लोग चैम्बर के अधिकांश कार्यक्रमों का समाचार पत्रों, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से चैम्बर के गतिविधियों में अप्रत्यक्ष रूप से अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। अध्यक्ष ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि इस दौरान अगर उनके किसी कार्य से किसी सदस्य को कोई ठेस पहुंची हो तो वे क्षमाप्रार्थी हैं। इन चार वर्षों के मेरे अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान चैम्बर के द्वारा आयोजित किये गये कार्यक्रमों को व्यवसायी जगत ने सराहा। इसके लिये उन्होंने सभी पदाधिकारियों, पूर्व अध्यक्षगणों, सदस्यों का आभार प्रकट किया।

अध्यक्ष ने कहा कि सिंहभूम चैम्बर 1948 में स्थापित होकर 1950 में कंपनीज एक्ट में रजिस्टर्ड हुआ और मुझे अपने कार्यकाल के दौरान इसका प्लेटिनम जुबिली मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्लेटिनम जुबिली के दौरान विभिन्न गौरवमयी कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसने चैम्बर को झारखण्ड राज्य ही नहीं पूरे देश में एक अलग पहचान दिलाई। आज आप गर्व के साथ कह सकते हैं कि सिंहभूम चैम्बर वर्तमान में झारखण्ड का सबसे सशक्त एवं प्रभावशाली चैम्बर है।

चैम्बर की वर्षों पुरानी पार्किंग की समस्या को दूर करने का अथक प्रयास किया और टाटा स्टील के सहयोग से चैम्बर को अपना पार्किंग स्थल उपलब्ध हुआ। इसके अलावे जिन्होंने भी चैम्बर की समक्ष अपनी समस्यायें बताई लगभग उन सभी का सरकारी, प्रशासनिक स्तर पर समाधान किया गया। टाटा स्टील में वेंडरों की समस्याओं को लेकर प्रोक्योरमेंट विभाग के साथ त्रैमासिक मीटिंग की परंपरा की शुरूआत हुई। जिसका लाभ अधिकांश वेंडरों को मिला।

व्यापारी उद्यमियों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर उसपर त्वरित कार्रवाई करते हुये प्रशासनिक स्तर पर संपर्क कर उसका समाधान निकाला गया। सोनारी में हुये एम.बी. ज्वेलर्स लूट कांड, वर्द्धमान ज्वेलर्स लूटकांड

एवं बिष्टुपुर के एक व्यवसायी से हुये लाखों रूपये छिनतई एवं लूटकांड मामले को गंभीरता से लेकर चैम्बर ने पुलिस एवं प्रशासनिक स्तर के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर उनपर दबाव बनाया परिणामस्वरूप पुलिस ने भी तत्परता दिखाते हुये इसका उद्भेदन किया। इसके लिये पुलिस प्रशासन प्रशंसा की पात्र है। विधि व्यवस्था को भी बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग मिला।

उन्होंने सदस्यों से कहा रांची में आयोजित होने वाले डिफेंस एक्सपो कोल्हान के व्यवसायियों एवं उद्यमियों के लिये एक नया अवसर उपलब्ध करायेगा। इस एक्सपो में आप सभी अवश्य शामिल हों और इसका लाभ उठायें।

इस दौरान मेरे पूरे अध्यक्षीय कार्यकाल में मानद महासचिव के रूप में श्री मानव केडिया ने पूरा सहयोग किया और कदम से कदम मिलाकर उद्यम एवं व्यवसाय हित के प्रति अपने दायित्व को निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक निभाया। उनके साथ ही सभी पदाधिकारियों का मुझे पूरा सहयोग प्राप्त हुआ इसके लिये मैं उनका तहेदिल से धन्यवाद करते हुये आभार प्रकट करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। चैम्बर में सत्र 2025–27 के लिये आने वाली नई टीम भी व्यवसायी उद्यमी हित में महत्वपूर्ण कार्य करेगी।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने सरकार के मंत्रियों, जिला के प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों, टाटा स्टील के उच्च अधिकारियों, कॉर्पोरेट घरानों, मीडिया हाउस, चैम्बर सदस्यों, चैम्बर कर्मचारियों का सहयोग के लिये धन्यवाद किया। अध्यक्ष ने इस चुनाव का सफलतापूर्वक संचालन करने के लिये सभी चुनाव पदाधिकारियों श्री आर.के. झुनझुनवाला, अधिवक्ता श्री पी.एस. सेन, अधिवक्ता श्री एस.एन. खंडेलवाल, अधिवक्ता श्री राजेश मित्तल एवं दोनों स्कूटनाईजर सीए. श्री पी.एन. शंगारी एवं सी.एस. श्री सीतल स्वाईं का धन्यवाद किया और उन्हें सम्मानित किया।

अध्यक्ष ने कहा कि निवर्तमान अध्यक्ष श्री अशोक भालोटिया जी के आकस्मिक निधन से चैम्बर परिवार मर्माहत हैं और उनके लिये व्यक्तिगत नुकसान है जिनकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है। अध्यक्ष ने बताया कि उन्हें उनके साथ उपाध्यक्ष एवं महासचिव के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। अध्यक्ष ने प्रस्ताव रखा कि श्री अशोक भालोटिया के निधन से रिक्त हुआ ट्रस्टी पद पर अगर आमसभा सहमति देती है तो ट्रस्टी के मनोनयन में आगामी सत्र में कार्यसमिति अपने बैठक में निर्णय ले। इस पर आमसभा में उपस्थित सदस्यों ने सहमति जताई।

अध्यक्ष ने कहा कि पिछली आमसभा की कार्यवृति आपसबों को प्रेषित कर दी गई थी अगर आप सबों की सहमति हो तो इसे पारित किया जाय। सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से इसे पारित किया गया।

अंत में उन्होंने व्यापारी एकता जिन्दाबाद, जय भारत एवं जय झारखण्ड के साथ ही अपना संबोधन को विराम दिया।

प्रस्तावक : श्री अजय भालोटिया
अनुमोदक : श्री कौशिक मोदी

अध्यक्ष ने मानद महासचिव श्री मानव केडिया को वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिये आमंत्रित किया।

**मानद महासचिव श्री मानव केडिया** ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुये अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि चार वर्ष पूर्व चैम्बर के मानद महासचिव के रूप में सेवा देने का मौका मिला। हमारे अध्यक्ष के रूप में श्री विजय आनंद मूनका ने एक कर्मठ योद्धा के रूप में हमसबों का नेतृत्व किया। हमारी छोटी–छोटी गलतियों पर भी इनका हमेशा ध्यान रहता था और इसे वह सुधारते थे या सुधारने की नसीहत देते थे। हमें मजबूत करने के उद्देश्य से इनका मार्गदर्शन मिलता रहा। इनकी कार्यशैली से हमने इस दौरान देखा कि कई पूर्व अध्यक्ष एवं पुराने सदस्य जो चैम्बर नहीं आते थे वे आने लगे, कार्यक्रमों में शामिल होने लगे। इनका हमारी टीम को योगदान और समय मिला। जिस तरह से हम कार्य करते हैं, वह हमारे

काम करने की पहचान है। हमने आप सबों के सहयोग से बहुत कार्य किया है और आगे भी करते रहेंगे, यह विश्वास दिलाते हैं। आप भी चैम्बर के कार्यों में सक्रिय रहें, इससे हमें ताकत मिलती है।

मानद महासचिव ने कहा कि चैम्बर टाईम्स के माध्यम से आप सभी तक चैम्बर की हरेक गतिविधियों की जानकारियां पहुंचती है। इसे हमारे सचिव अंशुल रिंगसिया बहुत ही अच्छे ढंग से संपादित करते रहे हैं और यह काबिले तारीफ है। आगे भी चैम्बर टाईम्स का प्रकाशन लगातार जारी रहेगा। सत्र 2023–25 के इन दो सालों में हमारी चारों उपसमितियों की युवा टीम ने काफी क्षेत्रों में अच्छा काम किया है। आगे भी रेलवे, व्यापार उद्यम के विकास, विधि व्यवस्था एवं जनहित के क्षेत्र में कार्य करेंगे। कोल्हान में नये एवं बड़े उद्योगों की स्थापना हो इसके लिये हम लगातार प्रयासरत हैं। व्यापार एवं स्थानीय वेंडरों के हित को लेकर टाटा स्टील प्रोक्योरमेंट विभाग के साथ त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इससे काफी हद तक समस्यायें दूर हुई है। वित्त एवं कराधान उपसमिति के द्वारा भी जीएसटी एवं टैक्स से संबंधित अन्य समस्याओं को लेकर संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर समस्याओं के निराकरण हेतु कार्य किया जा रहा है। सरकार के द्वारा हमारी मांगों पर ध्यान दिया है और जीएसटी की दरों में कटौती कर इसे आसान बनाते हुये जीएसटी 2.0 लाया जा रहा है। हमने पिछले एक वर्ष के दौरान लगभग 70 कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें सदस्यों की सहभागिता रही। उन्होंने कहा कि इस सत्र के दौरान जो भी कार्य अधूरे रह गये हैं उसे अगले सत्र में पूरा किया जायेगा जो व्यापारी एवं उद्यमी हित के लिये महत्वपूर्ण होगा। हमारे अध्यक्ष श्री विजय आनंद मूनका जी ने जो लकीर खींची है उसे और सतत् आगे बढ़ाना है और सिंहभूम चैम्बर के नाम को और रौशन करेंगे। आप भी इसमें सहभागी होने के लिये तैयार रहें।

मानद महासचिव के प्रतिवेदन के दौरान ही पिछले एक वर्ष की गतिविधियों को लेकर श्री प्रशांत अग्रवाल के द्वारा तैयार किये गये पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन को सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसे सभी ने सराहा।

मानद महासचिव ने सभा में जानकारी दी कि वर्तमान में कुल 2063 लाईफ मेंबरशिप है।

तत्पश्चात् **अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के आमंत्रण पर** कोषाध्यक्ष सीए. अनिल रिंगसिया ने सभी का स्वागत करते हुये वित्तीय वर्ष 2024–25 की ऑडिट रिपोर्ट आमसभा में रखी जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा लगातार दूसरे वर्ष आमसभा में आय–व्यय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुये खुशी महसूस हो रही है।

प्रस्तावक : श्री आकाश मोदी
अनुमोदक : सीए पीयूष गोयल

**<u>श्री अनिल मोदी, उपाध्यक्ष, व्यापार एवं वाणिज्य</u>** :–

श्री अनिल मोदी, उपाध्यक्ष, व्यापार एवं वाणिज्य उपसमिति ने 74वीं आमसभा की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष श्री विजय आनंद मूनका का धन्यवाद करते हुये सभी पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुये कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान हमारी उपसमिति ने व्यापार एवं वाणिज्य को लेकर काफी कार्य किया है। जो भी समस्यायें हमारे व्यवसायी भाईयों ने रखी उसका निराकरण करने की भरपूर कोशिश की। कृषि उत्पादन बाजार समिति परसुडीह की समस्याओं के निराकरण को लेकर संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से लगातार संपर्क करते रहे और पत्राचार के माध्यम से उनका ध्यानाकृष्ट इस ओर कराते रहे हैं। चैम्बर के उद्देश्यों के निहित हमेशा कार्यरत रहे।

तत्पश्चात उपाध्यक्ष श्री अनिल मोदी, एवं सचिव श्री भरत मकानी ने व्यापार एवं वाणिज्य उपसमिति से संबंधित प्रस्तावों एवं संकल्पों को आमसभा में सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। जो इस प्रकार है –

1. कोल्हान प्रमंडल में वस्त्र उद्योग के प्रोत्साहन हेतु टेक्सटाईल पार्क की स्थापना का प्रयास। इस हेतु केन्द्र सरकार एवं संबंधित विभागों से पत्राचार कर माहौल का निर्माण करना।
2. कोल्हान मे खाद्य–प्रसंस्करण उद्योग की नवीन सभावनायें तलाशना एवं प्रोत्साहन हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करना।

3. वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में बहुराष्ट्रीय कंपनियों से प्रतिस्पर्द्धा हेतु स्थानीय व्यापारियों को प्रोत्साहित करना एवं ए. आई. एवं अन्य माध्यमों से व्यापारियों को प्रशिक्षित कर एक सकारात्मक माहौल का निर्माण करना।

4. कृषि उत्पादन बाजार समिति में व्यापार कर रहे व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण एवं दुकानदारों को मालिकाना हक दिलवाने हेतु समुचित प्रयास करना।

5. देश में जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों एवं उद्योगपतियों के लिये ग्रुप बीमा की व्यवस्था हेतु सरकार से पत्राचार एवं अन्य माध्यमों से वार्तालाप करना ताकि व्यापारी सामाजिक सुरक्षा के दायरे के अंतर्गत आ सके।

6. ऑनलाईन व्यवसाय से जुड़ी बड़ी कंपनियों द्वारा दिये जा रहे डीप डिस्काउंट पर रोक लगाने का प्रयास करना ताकि स्थानीय दुकानदार उनकी प्रतिस्पर्द्धा में सही दर पर अपना माल भी बेच सकें।

7. अन्य राज्यों की तरह झारखण्ड में व्यापार के विकास हेतु ट्रेड कमिश्नर की नियुक्ति हेतु प्रयास करना।

8. जमशेदपुर शहर में टाटा लीज के अंतर्गत बिष्टुपुर, साकची, गोलमुरी, टेल्को, बारीडीह, एग्रिको, कदमा, सोनारी, कागलनगर इत्यादि क्षेत्रों में सैरात की भूमि पर बने बाजारों/सरकारी जमीन पर बनें दुकानों को आधुनिक बाजार के रूप मे विकसित करने एवं दुकानदारों को मालिकाना हक दिलवाने हेतु प्रयास करना।

9. देश के अन्य राज्यों की तर्ज पर थोक वस्त्र विक्रेताओं के लिये एक वृहद सामूहिक बाजार की व्यवस्था हेतु राज्य सरकार से सरकारी दर पर जमीन आवंटन का प्रयास करना।

10. व्यापारियों के लिए व्यापारी कल्याण बोर्ड की स्थापना की मांग करना।

11. विकसित राज्यों की तर्ज पर जमशेदपुर में भी ट्रेडिंग कलस्टर की स्थापना का प्रयास।

प्रस्तावक : श्री प्रतीक अग्रवाल
अनुमोदक : श्री उमेश खीरवाल

**श्री पुनीत कांवटिया, उपाध्यक्ष, उद्योग** :–

श्री पुनीत कांवटिया, उपाध्यक्ष, उद्योग उपसमिति ने अध्यक्ष का धन्यवाद करते हुये आमसभा में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने अपने विंग से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये कहा कि उम्मीद है इन दो वर्षों के दौरान आपके उम्मीदों पर खरा उतरा होउंगा। हमारे अध्यक्ष श्री विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में हमने उद्योग हित से संबंधित काफी कार्य किये हैं और हमें यहीं नहीं रूकना है, इसे आगे भी जारी रखेंगे। इस दौरान मेरे सहयोगी सभी पदाधिकारियों का सहयोग मिला, विशेषकर अध्यक्ष श्री विजय आनंद मूनका का जिन्होंने एक अभिभावक के रूप मे हम सबों का मार्गदर्शन किया। इसके लिये मैं अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूं। टाटा स्टील प्रोक्योरमेंट विभाग के साथ वेंडरों की समस्याओं के निराकरण और स्थानीय को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया जिसे अब लगातार तीन महीने के अंतराल पर ऑनलाईन, चैम्बर भवन में तथा टाटा स्टील परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इससे व्यवसायियों को काफी लाभ मिला है। जियाडा के साथ बैठकों का आयोजन कर औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं जैसे स्ट्रीट लाईट, पार्किंग, सड़क इत्यादि की समस्याओं को उठाते रहे हैं। उद्योग सचिव से भी कई बार मिलकर औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को उठाया गया है। एमएसएमई सचिव से भी रांची स्थित कार्यालय में मुलाकात कर वार्ता की। बिजली दर की बढ़ोतरी के लिये आयोजित बैठक में चैम्बर ने दमदार तरीके से इसका विरोध किया। इस मुद्दे पर श्री पीयूष गोयल का काफी सहयोग मिला हम उनका धन्यवाद करते हैं। इसी का नतीजा है कि पिछले दो वर्षों के दौरान बिजली दर में बढ़ोतरी नहीं हुई। यहां नये उद्योग कैसे लगे इसपर कार्य कर रहे हैं। इसी तरह हमें आगे मिलकर कार्य करने हैं। तत्पश्चात उपाध्यक्ष श्री पुनीत कांवटिया, एवं सचिव श्री बिनोद शर्मा ने उद्योग उपसमिति से संबंधित प्रस्तावों एवं संकल्पों को आमसभा में सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। जो इस प्रकार है –

1. कोल्हान में नये औद्योगिक पार्क की स्थापना
2. जमशेदपुर में एमएसएमई सुविधा केन्द्र की स्थापना
3. कोल्हान में रेलवे कोच ईकाईयों की स्थापना

4. आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों की बदहाल एवं दयनीय स्थिति के कारण लगातार दुर्घटनायें हो रही है। इसलिये इसकी मरम्मती एवं रखरखाव हेतु सरकारी स्तर पर तत्काल उचित कदम उठायें जायें, इसके लिये लगातार प्रयास किया जायेगा।
5. जल निकासी की व्यवस्था– यहां की जल निकासी की व्यवस्था भी अनियमित है जिससे जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। भारी बारिश में कई प्रतिष्ठानों में पानी घुस जाता है जिससे मशीनों एवं कच्चे माल को भारी नुकसान पहुंचता है। इसलिये जल निकासी की समुचित व्यवस्था हो।
6. स्ट्रीट लाईटों की सुदृढ़ व्यवस्था
7. औद्योगिक क्षेत्र विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग कलस्टर में हो रही चोरी की घटनाओं का तुरंत समाधान हो। इसके लिये टीओपी एवं सीसीटीवी कैमरों की समुचित व्यवस्था हो। पुलिस गश्ती बढ़ाई जाय।
8. भारी वाहनों के लिये पार्किंग की उचित व्यवस्था
9. सिंगल विन्डो सिस्टम – उद्योगों को लाईसेंस जारी करने तथा अन्य सुविधाओं को आसान बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2015 में एकल विन्डो सिस्टम शुरू किया गया था। लेकिन यह ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा है। इसका संचालन अच्छे तरीके से हो।
10. जियाडा में भूमि की उचित दर – आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में नये एवं छोटे उद्योगों की स्थापना हेतु उचित दर पर भूमि आवंटन हो।
11. बिजली की उचित दर – वर्तमान में आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में जेबीवीएनएल और टाटा स्टील के द्वारा बिजली की आपूर्ति की जाती है जो दूसरे जिलों में की जारी बिजली आपूर्ति की तुलना अधिक है। इसलिये यहां के उद्योगों को भी समान दर बिजली की सुविधा मिले।

प्रस्तावक : श्री हर्ष बाकरेवाल
अनुमोदक : श्री अभिषेक काबरा

**<u>श्री राजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष, वित्त एवं कराधान उपसमिति</u>** :–
श्री राजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष, वित्त एवं कराधान ने अध्यक्ष का धन्यवाद किया तथा आमसभा में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को स्वागत करते हुये अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि हमारे उपसमिति के द्वारा पिछले दो वर्षों के दौरान जीएसटी एवं टैक्स से संबंधित काफी कार्य किया गया है। समय की बाध्यता है इसलिये विस्तृत रूप में बता पाना असंभव है। जीएसटी से संबंधित कई सेमिनार का आयोजन किया। यह गर्व की बात है जीएसटी से संबंधित जो भी समस्याओं से व्यवसायियों के समक्ष उत्पन्न हुई उसे हमने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाया और उसके निराकरण का प्रयास किया। कुछ हद तक हम सफल भी हुये। पटना में आयकर विभाग के कमिश्नर से मिलकर समस्याओं को रखा। इन दो वर्षों में चैम्बर भवन में व्यवसायियों के टैक्स संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिये टैक्स क्लिनिक का आयोजन करते रहे जिसका लाभ कई व्यवसायियों ने उठाया। जीएसटी 2.0 जल्द लागू किया जा रहा है। यह खुशी की बात है और उपलब्धि भी है कि चैम्बर की सुझावों खासकर दो प्रकार की दरों के सुझाव को इसमें शामिल किया गया। हमारे कार्य के दौरान हमारे तेजतर्रार अध्यक्ष श्री विजय आनंद मूनका एवं सभी पदाधिकारियों का हमेशा साथ मिला। इसके लिये हम उनके आभारी हैं। तत्पश्चात उपाध्यक्ष अधिवक्ता श्री राजीव अग्रवाल एवं सचिव अधिवक्ता श्री अंशुल रिंगसिया ने वित्त एवं कराधान उपसमिति से संबंधित प्रस्तावों एवं संकल्पों को आमसभा में सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। जो इस प्रकार है –

1. Resolved that the Committee will expedite the process of formation of the Central GST Appeals Bench in Jamshedpur Division – to ensure speedy disposal of appeals and convenience for the trade and industry of this region.

2. Resolved that the Committee will write to the GST Council for the formation and activation of the GST Appellate Tribunal (GSTAT) at Ranchi at the earliest – for effective redressal of disputes and reduction in pendency of GST cases.

3. Resolved that the Committee will follow up with the Central GST Council for including Petroleum Products under GST – so as to bring uniformity in taxation and eliminate cascading effects.

4. Resolved that the Committee will take up with the Central Board of Direct Taxes (CBDT) the rationalization of TDS/TCS provisions – with the objective of reducing compliance burden on taxpayers, simplifying return filing, and avoiding duplication of provisions.

5. Resolved that the Committee will represent before the Ministry of Finance for reducing litigation in direct taxes – by recommending enhancement of monetary thresholds for departmental appeals, faster disposal of pending cases at CIT(A) level, and expansion of faceless appeal mechanisms.

प्रस्तावक : सीए पवन अग्रवाल
अनुमोदक : श्री परांजल सरावगी

**श्री अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, उपाध्यक्ष, जनसंपर्क एवं कल्याण उपसमिति** :–

श्री अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, उपाध्यक्ष, जनसंपर्क एवं कल्याण उपसमिति ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं पूर्व अध्यक्षगणों का स्वागत करते हुये अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सत्र 2023–25 के दौरान कार्य करने का अच्छा अनुभव रहा। सभी पदाधिकारियों का भरपूर साथ मिला। अध्यक्ष श्री विजय आनंद मूनका का बड़े भाई के रूप में मार्गदर्शन मिला। इनके नेतृत्व में पिछले दो वर्षों में हमने सड़क से संसद तक कई मुद्दों को लेकर कई मंत्रालय में हमने आवाज उठाई। रेलवे को हमने टाटा से जयपुर तक सीधी रेल सेवा हेतु कई बार पत्र लिखे। कोल्हान ही नहीं राज्य में उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा के लिये लगातार प्रयासरत रहे और पत्राचार करते रहे। इस दौरान लोकसभा का दौरा करने का भी अवसर मिला। जहां कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर जमशेदपुर से संबंधित मुद्दों से उन्हें अवगत कराया। चैम्बर के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन बड़े स्तर पर चैम्बर से बाहर आयोजित किया जिसमें चैम्बर सदस्य अपने परिवार के सदस्यगणों के साथ शामिल हुये। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के लगातार संवाद स्थापित कर शहर की विधि व्यवस्था, ट्राफिक व्यवस्था के साथ साकची बाजार में अतिक्रमण की समस्याओं को उठाते रहे। सदस्यता सूची में डाटा करेक्शन के कार्य को किया गया जिसे आगे भी जारी रखा जायेगा। सदस्यों के आई.डी. कार्ड नये सिरे से बनाये जा रहे हैं। इस दौरान प्लेटिनम जुबिली में कार्य करने का अच्छा अनुभव रहा। पूर्व अध्यक्षों के सम्मान में बनाये गये पूर्व अध्यक्ष गैलरी की तरह ही महासचिवों के सम्मान में मानद महासचिव गैलरी बनकर तैयार है जिसका उद्घाटन जल्द ही किया जायेगा। चैम्बर में जनसंपर्क एवं कल्याण उपसमिति द्वारा किये गये कार्यों में श्री संदीप मुरारका जी का हमेशा योगदान मिला इसके लिये उन्हें धन्यवाद करते हैं। तत्पश्चात उपाध्यक्ष श्री अभिषेक अग्रवाल गोल्डी एवं सचिव श्री सुरेश शर्मा लिपु ने अपने उपसमिति से संबंधित प्रस्तावों एवं संकल्पों को आमसभा में सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। जो इस प्रकार है –

1. जमशेदपुर या इसके आसपास हवाई अड्डे का निर्माण
2. रांची से जयपुर सीधी उड़ान सेवा शुरू करवाना
3. टाटानगर से जयपुर तक सीधी रेल सेवा की शुरूआत
4. सिंहभूम चैम्बर में बढ़ती सदस्यों की संख्या को देखते हुये नये भूमि क्रय की ओर कार्य करना
5. कोल्हान का एक प्रमुख पर्यटन एवं विरासत स्थल के रूप में विकास
6. जमशेदपुर को एक स्मार्ट सिटी के रूप में नामित करने हेतु सरकार से आग्रह
7. कोल्हान में पीपीपी मोड पर एक सैनिक स्कूल की स्थापना का प्रयास
8. उच्च शिक्षा सुविधा हेतु प्रयास
9. चैम्बर के मेंबरशिप अपडेशन के कार्य को पूरा करना
10. केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार–प्रसार एवं नीति जागरूकता

प्रस्तावक : श्री मोहित मूनका
अनुमोदक : श्री अमीष अग्रवाल

**अन्यान्य :**
श्री अरूण अग्रवाल ने कहा जीएसटी में अभी 40 लाख तक के व्यवसाय पर छूट दी गई है इसे बढ़ाकर एक करोड़ किया जाना चाहिए। इसे लेकर चैम्बर को कदम उठाना चाहिए। इसपर अध्यक्ष ने जवाब देते हुये कहा कि चैम्बर की वित्त एवं कराधान उपसमिति इसपर कार्य करेगी।

एक सदस्य ने कहा कि चैम्बर में महिलाओं का योगदान बढ़ाया जाना चाहिए।

सीए पवन अग्रवाल ने कहा कि जमशेदपुर एक औद्योगिक शहर है जिसमें टाटा स्टील लीज एरिया के जमीन अधिक हैं जिसपर बैंक अभी लोन उपलब्ध नहीं करवाता है। इसे मोर्टगेजेबल बनाकर बैंकों के द्वारा लोन उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। इसपर अध्यक्ष श्री विजय आनंद मूनका ने जवाब देते हुये कहा कि टाटा स्टील के साथ बातचीज की प्रक्रिया जारी है। टाटा स्टील इसमें एन.ओ.सी. प्रदान करेगा जिससे जमीन पर लोन उपलब्ध हो सके।

श्री दिलीप गोयल ने कहा कि आमसभा के पूर्व ई.वोटिंग के जरिये मतदान कराना उचित नहीं है क्योंकि आमसभा में प्रस्ताव पारित होते हैं उसके पश्चात वोटर अपनी मनःस्थिति के अनुसार प्रत्याशी चयनकर मतदान करता है इसलिये आमसभा के पश्चात या दूसरे दिन ही मतदान की प्रक्रिया की जानी चाहिए। इसपर अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में मतदान की जो प्रक्रिया अपनाई जा रही है वह कंपनी एक्ट के तहत है। और यह प्रक्रिया चैम्बर में वर्ष 2019 से अपनाई जा रही है। इसलिये अब इस मुद्दे को उठाना उचित नहीं है।

श्री श्रवण देबुका ने अपना सुझाव देते हुये कहा कि एक फॉलोअप समिति चैम्बर के द्वारा बनाई जानी चाहिए।

श्री बजरंग अग्रवाल (होटल उमंग) ने कहा कि शहर की यातायात व्यवस्था दिनोंदिन खराब हो रही है इसपर चैम्बर को तत्काल कदम उठाना चाहिए।

श्री सुधीर सिंह ने कहा कि उद्योग है तो व्यापार है। औद्योगिक क्षेत्र में अभी जो इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिति है वह ठीक नहीं है। एक नई राजनीतिक पार्टी के द्वारा उद्यमियों को धमकाया जा रहा है। यह पूर्व की स्थिति को याद दिला रही है। और इससे उद्योगों के संचालन में दिक्कतें आ रही है। इसलिये चैम्बर को चाहिए कि वह इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थिति में सुधार हेतु कार्य करे। प्रशासन से बात कर राजनीतिक पार्टियों की ऐसी स्थिति पर लगाम लगायें। इसपर अध्यक्ष श्री विजय आनंद मूनका ने जवाब देते हुये कहा कि इस मामले में स्थानीय प्रशासन को लेकर रांची मुख्यालय तक वरीय पदाधिकारियों को सूचित किया जा चुका है। उद्यमियों से अनुरोध है कि उनके साथ इस तरह की समस्यायें होने पर थाने में शिकायत दर्ज जरूर करायें एवं चैम्बर को सूचित करें।

सोनारी के एम.बी. ज्वेलर्स के मालिक ने सभा में चैम्बर अध्यक्ष श्री विजय आनंद मूनका एवं पदाधिकारियों की तारीफ करते हुये कहा कि चैम्बर अच्छा कार्य रही है। जब उनके प्रतिष्ठान में लूटकांड हुआ तो अध्यक्ष श्री विजय आनंद मूनका सहित पूरा चैम्बर उनके साथ खड़ा रहा इसके लिये वे धन्यवाद देते हैं।

स्कूटनाईजर सीएस श्री सीतल स्वाईं ने सभी चुनाव पदाधिकारियों की ओर से सदस्यों को संबोधित करते हुये आग्रह किया कि मतदान पूर्वाहन 11.00 बजे से शुरू होनी है इसलिये आमसभा की कार्यवाही शीघ्रताशीघ्र समाप्त करें। ताकि मतदान की प्रक्रिया ससमय आरंभ की जा सके।

अंत में कोषाध्यक्ष सीए अनिल रिंगसिया के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात आमसभा की कार्रवाई समाप्त की गई।

(विजय आनंद मूनका)
अध्यक्ष
DIN: 01329523

(मानव केडिया)
मानद महासचिव
DIN: 00623353

चुनाव पदाधिकारियों ने निम्नलिखित सदस्यों को सत्र 2025–27 (01/10/2025 से 30/09/2027) के लिये विजयी घोषित किया।

| Post | Sl.No. | Name of the candidate |
|---|---|---|
| President | | Manav Kedia, Advocate |
| Hony. Genl. Secretary | | Punit Kauntia |
| Vice President (PRW) | | Abhishek Agarwal (Goldy) |
| Vice President (Tax & Fin) | | Rajiv Agarwal, Advocate |
| Vice President (Tr. &Com) | | Anil Modi |
| Vice President (Industry) | | Harsh Bakrewal |

| | | |
|---|---|---|
| Treasurer | | CA Anil Kumar Agarwal (Ringasia) |
| | | |
| Secretary (PRW) | | Suresh Sharma (Lippu) |
| Secretary (Tax & Fin) | | Anshul Ringasia, Advocate |
| Secretary (Tr. & Com) | | Bharat Makani |
| Secretary (Industry) | | Vinod Sharma |

| Post | Sl.No. | Name of the Candidate |
|---|---|---|
| Executive Committee Members | 1 | ABHISHEK KABRA |
| | 2 | AJAY KUMAR AGARWAL (BHALOTIA) |
| | 3 | AKASH MODI |
| | 4 | AMISH KUMAR AGARWAL |
| | 5 | AMIT SANGHI |
| | 6 | ASHOK KUMAR GOYAL |
| | 7 | ASHWINI KUMAR AGARWAL |
| | 8 | BABLU KUMAR AGARWAL (MINI) |
| | 9 | CA. PIYUSH GOYAL |
| | 10 | DEEPAK KUMAR CHETANI |
| | 11 | DILIP KUMAR AGARWAL (KAUNTIA) |
| | 12 | JAY PRAKASH HEERWAL |
| | 13 | KAUSHIK MODI |
| | 14 | MAHESH KUMAR AGARWAL (SANGHI) |
| | 15 | MANISH GOYAL |
| | 16 | MOHIT MOONKA |
| | 17 | PANKAJ KUMAR CHOSHALIA |
| | 18 | PAWAN KUMAR NAREDI |
| | 19 | PIYUSH CHURIWAL |
| | 20 | PRANJAL SARAOGI |
| | 21 | PRATIK AGARWAL |
| | 22 | PRITAM JAIN |
| | 23 | RAJESH KUMAR AGARWAL (JAISUKA) |
| | 24 | ROHIT KABRA |
| | 25 | SAURABH SANGHI (SUNNY) |
| | 26 | SHUBHAM SEN (DADA) |
| | 27 | SMT. SUMAN NAGELIA |
| | 28 | UMESH KUMAR KHIRWAL |
| | 29 | VIKASH GADWAL |
| | 30 | VISHNU KUMAR GOYAL |